# बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड

निबंधित कार्यालय : विद्युत भवन, बेली रोड, पटना–800021

ई–मेल : gmhr.bspgcl@gmail.com ; फोन नं0 : 0612-2504472

CIN : U40102BR2012SGC018888 ; website : www.bsphcl.bih.nic.in


## सूचना

बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड के निदेशक मंडल की दिनांक 13.12.2022 को सम्पन्न 95वी बैठक में पारित संलेख मद संख्या–95–10.02 के अनुपालन में कार्यालय आदेश सं0–33 दिनांक 05.01.2023 के द्वारा बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों मे कार्यरत न्यूनतम मैट्रिक उत्तीर्ण चुतर्थवर्गीय कर्मियों को राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में विद्युतज्ञ व्यवसाय मे तीन माह का प्रशिक्षण कराने एवं कंपनी में एक वर्ष का कार्यानुभव प्राप्ति के उपरांत तकनीशियन ग्रेड– 3 के पद नियुक्ति की प्रक्रिया का प्रावधान पुनः प्रारम्भ करने का आदेश निर्गत किया गया है। साथ ही कार्यालय आदेश सं0–955 दिनांक 11.09.2023 के द्वारा उपर्युक्त प्रशिक्षण की रूप–रेखा, आवेदन की प्रक्रिया, वरीयता, प्रशिक्षण की व्यवस्था, प्रशिक्षण उपरांत नियुक्ति की प्रक्रिया का रेखांकण किया गया है। (आदेश की प्रति संलग्न)।

2– उपर्युक्त के आलोक में निहित नियम एवं शर्त्तो के अधीन **बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड में कार्यरत न्यूनतम मैट्रिक उत्तीर्ण इच्छुक चुतर्थवर्गीय कर्मियों को राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में त्रैमासिक आई0टी0आई0 प्रशिक्षण प्रदान कराने के उद्देश्य से संलग्न विहित प्रपत्र (अनुलग्नक–क) में सभी वांछित अभिलेख/प्रमाण पत्र के साथ आवेदन (हस्तलिखित) की मांग की जाती है।**

- आवेदन करने की तिथि– **30/09/2023**
- आवेदन भेजने हेतु पता **– अवर सचिव (श्री सचिन्द्र कुमार)**
  **प्रशाखा–VI, नियुक्ति शाखा,**
  **बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड**
  **विद्युत भवन, बेली रोड, पटना–800001**

आवेदन का माध्यमः **केवल Speed Post/Registered माध्यम से**

- प्रशिक्षण हेतु नियंत्री पदाधिकारी की अनुशंसा अनिवार्य है।

3– निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन विचारयोग्य नहीं होगा।

**नोटः– प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने से पूर्व उपर्युक्त वर्णित आदेश में निर्धारित योग्यता/शर्त्ते एवं मापदण्ड के अधीन अपनी पात्रता स्वयं जांच लें। निर्धारित मापदण्ड की पूर्ति करने के आधार पर ही आवेदन करें।**

अनुलग्नक– (क) आदेश की प्रति
(ख) आवेदन प्रपत्र

ह0/–
(कुमार ब्रजेश)
अवर सचिव

ज्ञापांक 652/
I/BSPGCL/ ITI Training/ 6003/2021

दिनांक 25/09/2023

प्रतिलिपिः– डी0बी0ए0, बी0एस0पी0जी0सी0एल0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि इस सूचना को कंपनी की वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाये।

25/9/2023

(कुमार ब्रजेश)
अवर सचिव